# संस्कृत में समायी है अमूल्य निधि : राज्यपाल

**राष्ट्रीय सेमिनार**

**8 मुख्य अतिथि राज्यपाल ले.ज. (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि सं यानि श्वांसों का जो कृत करे, वही संस्कृत है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

देव संस्कृति विश्वविद्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) एवं देव संस्कृति विवि के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत का भाषा वैज्ञानिक पक्ष और तकनीकी शब्दावली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ राज्यपाल ले.ज. (सेनि) गुरमीत सिंह, देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या, सीएसटीटी के अध्यक्ष प्रो. गिरिश नाथ झा एवं असि. डायरेक्टर जेएस रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि राज्यपाल सिंह ने कहा कि सं यानि श्वांसों का जो कृत करे, वही संस्कृत है। संस्कृत के मंत्रों के उच्चारण से आनंद की अनुभूति होती है। स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। गायत्री महामंत्र का उच्चारण मन को आनंदित करता है। मन और आत्मा का जुड़ाव कराता है गायत्री महामंत्र। उन्होंने कहा कि जिस दिन संस्कृत व सभ्यता का योग हो जायेगा, भारत विश्व गुरु की आसन पर होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीन भाषा है। संस्कृत संस्कारित भाषा है। संस्कृत में वैश्विक ज्ञान की अमूल्य निधि समायी हुई है। पुरातन ज्ञान को नवीनता के साथ संस्कृत के माध्यम से ग्रहण किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि देसंविवि में संस्कृत भाषा की चर्चा करने के बाद जो अमृत सा विचार निकलेगा, वह पूरी दुनिया में जायेगा, ऐसा विश्वास है। उन्होंने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय में जो संस्कृत, संस्कार व आधुनिक तकनीकी का संगम है, यह आज की युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। युवाओं का आवाहन करते हुए माननीय राज्यपाल ने कहा कि हर व्यक्ति को राष्ट्र के विकास में अपना योगदान करना चाहिए।

इससे पूर्व कार्यक्रम की पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि संस्कृत का संबंध अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ा है। हम लोग संस्कृत भाषा के माध्यम से ही प्राच्य विद्या से अवगत होते हैं। संस्कृत के संसर्ग में जो भी आया, निहाल हो गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह छाया को काटना, मिटाना संभव नहीं है, उसी तरह भारतीय संस्कृति को मिटाना असंभव है। प्रो. गिरिश नाथ झा ने कहा कि भारतीय भाषाओं की जननी है संस्कृत। प्रत्येक भारतीय भाषाओं में संस्कृत की शब्दावलियां समाहित हैं। इस संगोष्ठी में उभरे विचारों पर गहनता से विचार किया जायेगा।

इससे पूर्व राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की याद में बने शौर्य दीवार में पुष्पांजलि अर्पित की और सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

समापन से पूर्व राज्यपाल ने अश्वमेध महायज्ञ विशेषांक अनाहद, इंटरनेशलन जर्नल (यज्ञ पर शोध), यज्ञ ज्योति आदि का विमोचन किया। देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न आदि भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, देवसंस्कृति विवि और विभिन्न राज्यों से आये अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर मातृशक्ति सम्मानित



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

महिला एकता समिति रायपुर ने प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर रायपुर के पवित्र प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें समिति की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि बिंदू राजपूत, समिति अध्यक्षा विनय गुरूंगने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रायपुर महिला एकता समिति की अध्यक्षा ने सभी मातृशक्तिओं का अभिनन्दन किया और सभी को महिला दिवस की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं ने सामाजिक, शिक्षा एवं खेल के हर क्षेत्र में साबित किया है कि हम किसी से कम नहीं हैं। महिलाओं के प्रोत्साहन हेतु हमने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया हैं।

कार्यक्रम में गाँव की वरिष्ठ समाज सेवी बुजुर्ग मातृ शक्तियों को सम्मानित भी किया गया जिनमें विमला थापा,हेमलता राना, कलावती क्षेत्री को सम्मानित लक्ष्मी थापा,कमला थापा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेनू बोहरा, सीमा क्षेत्री , सुनीता गुरूंग, अमिता बोहरा, शुभवंती उपाध्याय, उषा उनियाल, कृष्णा गुरूंग, अनिता बोहरा , निम्मी राना, गीता सेमवाल , प्रभा शाह, रमा थापा आदि उपस्थित थीं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकली। इस दौरान उन्होंने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए सैकड़ों की सख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने पूरे शहर में पैदल रैली निकाली। रैली निकालते हुए आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने नारे लगाए और प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें। आंगनवाड़ी कार्यकत्री रैली निकालते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आरोप है की तमाम सरकार की योजनाओं की वह घर-घर जाकर जानकारी देती हैं।

इतना ही नहीं चुनाव के समय भी सरकार उनसे काम लेती है। टीकाकरण भी घर-घर करती हैं, लेकिन दुर्भाग्य है की सरकार आज तक भी उन्हें नियमित नहीं कर सकी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अगर सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया तो वह दिल्ली के लिए कूच करेंगी।

## डकैती के मामले में फरार इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

नगर कोतवाली पुलिस ने डकैती के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से नकदी और एटीएम कार्ड बरामद किया है।

संदीप कुमार पुत्र नकली राम निवासी गली नं. 4 राजनगर थाना मॉडल टाउन जिला पानीपत हरियाणा ने 30 दिसम्बर 23 को अपने साथ गाडी के कागजात, एटीएम कार्ड, नकदी की लूट व एटीएम से 44 हजार रुपये एटीएम के द्वारा निकाल लिए जाने के संबंध में कोतवाली नगर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया था।

मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच में जुटी पुलिस के सामने इस मामले में सात नाम सामने आए। घटना के बाद से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहे आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने इनाम भी घोषित किया।

इस मामले में जारी आरोपितों की तलाश के चलते पुलिस ने इनामी आरोपित रणजीत उर्फ जंगली पुत्र गरीब सिंह निवासी मोहल्ला पांडवान वार्ड नंबर 05 पुराना हस्तिनापुर थाना हस्तिनापुर जनपद मेरठ उत्तर प्रदेश को लाल कोठी के पास हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपित के कब्जे से एक एटीएम कार्ड तथा 1330 रुपए बरामद करते हुए।

पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

## सर्विस सेंटर में आग लगने से 10 से 12 मोटरसाइकिल जलकर राख

**आग**

**8 कंट्रोल रूम में मीठी बेरी चौक पर किसी दुकान में आग लगने की सूचना मिली।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

जिले थाना प्रेम नगर के अंतर्गत रात्रि में मीठी बेंरी चौक के पास एक सर्विस सेंटर में आग लगने से लगभग 10-12 मोटरसाइकिल जलकर राख हो गई।

कंट्रोल रूम में मीठी बेरी चौक पर किसी दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इस पर तत्काल थाना प्रेमनगर से पुलिस बल और फायर सर्विस को मौके पर रवाना किया गया। मीठी बेरी चौक पर मुकेश पुत्र राजकुमार निवासी मीठी बेरी, की गणपति सर्विस सेंटर नाम से मोटरसाइकिल सर्विस की दुकान में आग लग गई थी, जिसमें लगभग 10-12 मोटरसाइकिल, जो सर्विस होने के लिए आयी थी, जलकर राख हो गईं।

## सट्टे में रकम हार कर पुलिस को बतायी लूट की झूठी कहानी, आरोपित गिरफ्तार

**झूठी कहानी**

**8 मामले में शक की एक वजह ये भी थी कि घर पर रोजमर्रा की तरह साधारण माहौल था।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

कमेटी के जमा पैसों को सट्टे में हार जाने के बाद लूट व मारपीट की झूठी कहानी बनाकर पुलिस को परेशान करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बीते रोज 112 पर संजय निवासी ताशीपुर ने ताशीपुर रोड पर अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा सिर पर डंडे से वार करने और 22 हजार की नकदी लूट लिए जाने की सूचना दी। लूट की वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। कथित पीड़ित ने बताया कि लूट की घटना के बाद वह बाइक सहित खेत के किनारे गिर गया और बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो उसने खुद को भार्गव अस्पताल रुड़की में पाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी।


सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मंगलौर अमरचंद शर्मा पुलिस बल के साथ पूछताछ के लिए पीड़ित संजय के घर पहुंचे और घटनास्थल की जांच पड़ताल की गई। जांच में मामला पुलिस को संदिग्ध लगा। मामले में शक की एक वजह ये भी थी कि घर पर रोजमर्रा की तरह साधारण माहौल था।

मौके के गवाहों और शिकायतकर्ता को अस्पताल ले जाने वाले लोगों के साथ-साथ शिकायतकर्ता को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पूछताछ करने पर पता चला की संजय और अस्पताल ले जाने वाले उसके अर्चित ने लूट की झूठी सूचना देने का प्लान बनाया था। क्योंकि जो पैसे कमेटी से इकट्ठा करके बैंक में जमा करने के लिए ले जाने थे उसमें से आधे पैसे संजय एक दो दिन पूर्व सट्टे में गंवा चुका था। झूठी सूचना देने का उद्देश्य यही था कि भावना में बहकर संजय की मां वह रुपये जमा कर दे। मामला साफ होने पर दोनों को पुलिस ने पुलिस एक्ट में चालान कर दिया।

## देवभूमि से श्रीराम जन्मभूमि की राह सुगम बनाएगी हवाई सेवा, पर्यटन को मिलेगी उड़ान

**हवाई सेवा**

**8 - देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा का अहसास कराएगी यह हवाई सेवा**





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश भले ही अलग राज्य हैं, लेकिन आस्था का इससे कोई मतलब नहीं है। देवभूमि से श्रीराम जन्मभूमि की राह अब देश-दुनिया के लिए सुगम होगी। श्रद्धालु अब सड़क या रेल मार्ग से ही नहीं बल्कि हवाई मार्ग से सीधे श्रीराम जन्मभूमि और वापस देवभूमि पहुंच सकेंगे। विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ यह हवाई सेवा धार्मिक यात्रा का अहसास कराने के साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी उड़ान मिलेगी।

उत्तराखंड को लगे पंख, धार्मिक पर्यटन की संकल्पना साकार करेगी हवाई सेवा- देहरादून-अयोध्या, देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के लिए हवाई सेवा शुरू होने से अब देवभूमि उत्तराखंड को पंख लग गए हैं। धार्मिक दृष्टि से परिपूर्ण उत्तराखंड की वैश्विक पटल पर अलग पहचान बनने के साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे उत्तराखंड की आर्थिक रफ्तार भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर हवाई सेवा की शुरूआत कर यात्रियों को सुनहरा तोहफा दिया है।

**प्रभु श्रीराम का दर्शन करने वालों के लिए सुअवसर, प्रति टिकट पांच हजार रुपये बचेगा-**

अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने वालों के लिए यह सुनहरा सुअवसर है। देवभूमि से अयोध्या धाम के दर्शन में हवाई सेवा से केवल 1999 रुपये में होंगे। यह छूट 20 मार्च तक रहेगी। इससे प्रति टिकट पर 5000 का आर्थिक लाभ मिलेगा। इसके बाद अयोध्या की फ्लाइट टिकट के लिए 7006 रुपये देने होंगे। अयोध्या के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट उड़ान भरेगी।

पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी यात्रियों को सरकार का तोहफा- देहरादून से पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी छह और सात मार्च को 1999 रुपये किराया रहेगा, जबकि दून से पंतनगर का किराया 4500 रुपये, वाराणसी का किराया 6400 रुपये तय किया गया है। नियमित उड़ान पर पूरा किराया लिया जाएगा। दोनों जगह 23 मार्च से नियमित उड़ानें मंगलवार, गुरुवार और शनिवार से उड़ेंगी। इसके अलावा दून से अमृतसर के लिए हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान नियमित उड़ानें प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ेंगी। यहां नियमित उड़ान का किराया 4850 रुपये तय किया गया है।

## वनाग्नि घटनाओं को रोकथाम के लिए तैयारियां शुरू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

राज्य में वनाग्नि की घटनाओं को रोकथाम के लिए वन विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। फायर सीजन की शुरूआत 15 फरवरी से हो गई है और 15 जून तक फायर सीजन रहता है। प्रतिवर्ष आगजनी की घटनाओं से करोड़ों रुपये की वन संपदा खाक हो जाती है।



प्रदेश के प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने एक भेंट वार्ता में बताया कि आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को बैठक कर सभी तैयारियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग के अधिकारियों की डिविजनल भी फायर सीजन के लिए कई दौर की बैठक हो चुकी हैं। फायर सीजन के लिए फायर वॉचर की नियुक्ति मार्च के पहले सप्ताह से फायर सीजन समाप्त होने तक के लिए की जाती है।

**फायर सीजन**

**8 वन विभाग के अधिकारियों की डिविजनल भी फायर सीजन के लिए कई दौर की बैठक हो चुकी हैं।**

उन्होंने जंगलों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों से अपील की है कि वह वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहें। आमतौर पर जंगलों में आग की घटनाएं ग्रामीणों की लापरवाही की वजह से होती है। कई बार कोई बीड़ी पीकर फेंक देता है, तो कोई घास के लिए जंगलों में आग लगाता है। कई बार लोग अपने खेतों में भी आग लगाते हैं तो वह आग जंगल की ओर बढ़ जाती है। ऐसे में जंगल के आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों का रोल काफी महत्वपूर्ण होता है।

प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने बताया कि फायर की कोई भी घटना होती है तो एफएसआई के माध्यम से इसकी जानकारी वन विभाग को अलर्ट मिलती है। फॉरेस्ट एरिया के जिस कंपार्टमेंट में आग लगी है वहां के डीएफओ और अन्य कर्मचारियों को तत्काल इसकी जानकारी दी जाती है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष्य में हुई कार्यशाला



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गीता नगर, ऋषिकेश में शिवरात्रि के पर्व पर शहर के गणमान्य और विशिष्ट लोगों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई।

बुधवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर एम्स की डायरेक्टर डा. मीनू सिंह एवं जगतगुरु महामंडलेश्वर स्वामी अभिषेक चैतन्य गिरी महाराज कैलाश ने प्रतिभाग किया। ऋषिकेश सेंटर की प्रमुख संचालिका राजयोगिनी बाल-ब्रह्मचारिणी आरती दीदी ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि एम्स निदेशक डा. मीनू सिंह ने संस्था की बहनों का आभार व्यक्त किया व नव निर्मित तपस्या धाम के बनने की बधाई दी। उन्होंने कहा यहां जो राजयोग का कोर्स कराया जाता है, उससे मन को शांति मिलती है। जैसे हम डॉक्टर दवाइयों के द्वारा लोगों के शरीर को स्वस्थ करते हैं, ऐसे ही राजयोग मेडिटेशन से मन को तंदुरुस्त किया जाता है। यह जीवन जीने की कला व पारिवारिक संबंधों में ताल-मेल सिखलाता है।

विशिष्ट अतिथि स्वामी ने पाप की परिभाषा समझायी, उन्होंने कहा जिस काम को करने से स्वयं व दूसरों को दुख हो वह पाप है। हमारी 10 इंद्रियां हैं जिनमें पांच कर्मेंद्रियां पांच ज्ञानेंद्रिय है पाप दोनों से होता है अर्थात पाप हाथ से भी होता है और कानों से भी होता है पाप से छूटने के लिए क्या करना है यह किसी को पता नहीं, इसलिए गलती होती रहती हैं। अपने गुरुजी के लिए गलत सोचना व बोलना भी पाप है।आरती दीदी ने शिवरात्रि के वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डाला और बताया कि मनुष्य बड़ी श्रद्धा व उत्साह से शिवरात्रि मनाते हैं। अर्धरात्रि से ही लाइन में लग जाते हैं।

## श्री देव सुमन विश्वविद्यालय उत्तराखंड में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

पंडित ललित मोहन शर्मा श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश में आयोजित 'जलवायु परिवर्तन परिणाम एवं चुनौतियां' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी और अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



बुधवार को परिसर के निदेशक प्रो महावीर सिंह रावत द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आये सभी अतिथियों, शोधार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि मनुष्य आज जलवायु जलवायु परिवर्तन के सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारकों में से एक हो गया है। यह परिवर्तन तापमान में वृद्धि या कमी, वर्षा में वृद्धि या कमी, मरुस्थलीकरण, अम्लीय वर्षा आदि के रूप में दिखाई पड़ती है।

सेमिनार के आयोजन सचिव और कला संकाय अध्यक्ष प्रो. दिनेश चंद्र गोस्वामी ने जलवायु परिवर्तन एवं चुनौतियां विषय पर विस्तृत जानकारी दी। भूगोल विभाग एवं उत्तराखंड भूगोल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जोशी ने कहा इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है। इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है।

जलवायु परिवर्तन मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव से है। सूर्य की गतिविधि में बदलाव या बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों , मानव गतिविधियां जलवायु परिवर्तन का मुख्य चालक रही हैं। यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

सेमिनार के मुख्य वक्ता एवं पर्यावरण के विशेषज्ञ डॉ. प्रमोदकांत पूर्व आईएफएस,,सदस्य, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार पर मुख्य सलाहकार समूह, एनएचआरसी ने अपने संबोधन में कहा पेरिस समझौते का अनुच्छेद 5(1) सभी देशों के लिए कार्बन सिंक के रूप में वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कदम उठाना बनाया है।उत्सर्जन को पूरी तरह से टाला नहीं जा सकता।

शायद एकमात्र तरीका वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को दूर करना है। वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को दूर करने के लिए जंगल ही एकमात्र विश्वसनीय उपकरण हैं, हालांकि अब उत्सर्जन स्त्रोत पर ही कार्बन डाइऑक्साइड को पकड़ना तकनीकी रूप से संभव है।

निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो. सीडी सूठा ने कहा हमें प्राकृतिक के साथ-साथ समाज को लेकर विकास करना होगा। जब तक विश्व में गरीबी है, तब तक विश्व में शांति नहीं हो सकती। इसलिए गरीबी को दूर करना होगा। इसके लिए कृषि उत्पादक को बढ़ावा, खाद्य सुरक्षा आदि पर ध्यान देना होगा। उद्घाटन सत्र के समापन में उत्तराखंड भूगोल परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. बी आर पंत ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन प्रो. अरुण सूत्रधार, प्रो. अंजनी प्रसाद दुबे ने किया। सेमिनार में आज दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम तकनीकी सत्र आर्थिक विकास का प्रभाव और जलवायु परिवर्तन के सामाजिक आयाम/जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और जनसंख्या के बीच संबंध विषय पर आयोजित किया गया।

# धामी ने देहरादून से अयोध्या, अमृतसर और पंतनगर-वाराणसी के लिए किया हवाई सेवाओं का शुभारंभ

**शुभारंभ**

**8 मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद ज्ञापित किया**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-अयोध्या, देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के लिए एयर कनेक्टिविटी के अंतर्गत दीप प्रज्वलित और केक काटकर एलाइंस एयर की उड़ानों को हरी झंडी दिखा शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण उत्तराखंड के अंदर लोगों का आवागमन सुविधाजनक, सरल और आसान हो। इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। अब देश-दुनिया से आने वाले लोग उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर आसानी से आ-जा सकेंगे।

### देहरादून-हल्द्वानी-चंपावत, मुनस्यारी और पिथौरागढ़ की भी राह हुई आसान-

मुख्यमंत्री धामी ने हवाई सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी हाल ही में देहरादून से पिथौरागढ़ और पिथौरागढ़ से देहरादून के लिए एयर कनेक्टिविटी करने के साथ हल्द्वानी से चंपावत, मुनस्यारी और पिथौरागढ़ के लिए हेली सेवा शुरू हुई है। आज देहरादून-अयोध्या, देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के लिए हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया गया है।

### देवभूमि पर हवाई सेवा सहित प्रत्येक क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति-

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद ज्ञापित किया।
उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व तथा कालखंड में हवाई सेवा सहित प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने इन हवाई सेवाओं के माध्यम से अयोध्या आदि स्थानों के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों से जय श्रीराम के उद्घोष के बीच मुलाकात और बातचीत की। साथ ही उन्हें मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# सर्वे के अनुसार सड़क निर्माण करने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**धरना-प्रदर्शन**

**8 ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने भी धरना स्थल पर पहुंचे।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के दशोली विकास खंड के मासौं-कफलखेल-दादड-देवखाल मोटर मार्ग के निर्माण को पूर्व में की गई सर्वे के अनुसार किये जाने की मांग को लेकर बुधवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया। ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने भी धरना स्थल पर पहुंचे।
ग्राम प्रधान देवर कनेरी बबीता देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य आरती सेमवाल का कहना है कि मासौं-कफलखेल-दादड-देवखाल मोटर मार्ग का निर्माण स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत स्वीकृत हुआ है। लोक निर्माण विभाग की ओर से पूर्व में जो सर्वे की गई थी जिस पर क्षेत्र के सभी लोगों ने सहमति जतायी थी, उसके विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है।
इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित रूप में पत्राचार किया जा चुका है लेकिन विभाग की ओर से इसकी अनदेखी की जा रही है। जिससे क्षेत्रीय जनता में भारी रोष व्याप्त है।

## संक्षिप्त खबरें

### चमोली की जनजाति की महिलाएं अमृत उद्यान के भ्रमण के लिए रवाना

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को नई दिल्ली में नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से हिमाद समिति चमोली के सहयोग से एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें महिलाओं को अमृत उद्यान का भ्रमण करवाया जाएगा, जिसमें प्रतिभाग करने के लिए चमोली जिले के विभिन्न क्षेत्रों की महिला समूह की 60 अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को हिमाद समिति के सचिव उमाशंकर बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिमाद समिति के सचिव उमाशंकर बिष्ट ने बताया कि नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में महिला दिवस के अवसर पर एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसे राष्ट्रपति संबोधित कर समूह की महिलाओं से बात करेंगी।
इस सम्मेलन में चमोली जिले की स्वयं सहायता समूह की अनुसूचित जाति महिलाओं को प्रतिभाग करवाने का जिम्मा हिमाद समिति को सौंपा गया था। इसके लिए चमोली जिले के विकास खण्ड पोखरी, दशोली, कर्णप्रयाग, जोशीमठ, नन्दानगर से 60 महिलाओं को बुधवार को रवाना किया गया है। इस अवसर पर हिमाद के नोडल अधिकारी प्रभा रावत, भूपेन्द्र गुसांई आदि शामिल थे। भ्रमण दल में गंगा देवी, धनेश्वरी देवी, आनन्दी देवी, चन्द्रा देवी, देवकी देवी, लक्ष्मी बौरा, ममता शैली, कमला भण्डारी, हेमा देवी आदि शामिल है।

### वहनीय विरासत: अमेजन सहेली के साथ हिमालयन हाट का दस्तकार उद्यम

**देहरादून।** हिमालयन हाट की कहानी हाथ से बनी चीजों की विरासत और इसके संस्थापकों की पारिवारिक खेती से जुड़ी जड़ों में गुंथी हुई है, जो एक समृद्ध उद्यम तैयार कर इस क्षेत्र में महिलाओं का उत्थान कर रही है। उनकी यात्रा दशार्ती है कि अमेजन सहेली कार्यक्रम की मदद से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिहाज से कितना बड़ा बदलाव आ सकता है। हिमालयन हाट की कहानी, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मूल भावना के अनुरूप सशक्तिकरण और लचीलेपन के सार को प्रतिध्वनित करती है।
परंपरा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए साझा जुनून से प्रेरित होकर, मां-बेटी की जोड़ी, इंदिरा और दिव्या ने हिमालयन हाट की स्थापना की। उनका लक्ष्य था, स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए दस्तकार संरक्षण और मसालों का निर्माण करना। ऐसे दूर-दराज के इलाके में, हिमालयन हाट आशा की किरण के रूप में उभरा है, जो स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ-साथ उत्पादन में व्यावहारिक भागीदारी के जरिये वित्तीय स्वतंत्रता का मार्ग प्रदान करता है।
चौफिन परिवार ने पीढ़ियों से, अटूट समर्पण के साथ अपनी जमीन का पोषण किया था, फिर भी भौगोलिक अलगाव के कारण व्यापक बाजारों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अपने समुदाय के उत्थान की गहरी इच्छा से प्रेरित होकर, दिव्या ने स्थानीय महिलाओं को रोजगार देकर, उनके कौशल का उपयोग कर और उन्हें स्थायी आजीविका प्रदान कर हाथ से बने उत्पाद तैयार करने का बीड़ा उठाया। आज, हिमालयन हाट गुणवत्ता और वहनीयता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ बाजार में खड़ा है। उनके उत्पाद उपभोक्ताओं को सीधे स्त्रोत से थाली तक पहुंचने का अनुभव प्रदान करते हैं, और प्राचीन पर्वतीय वातावरण से प्राप्त रसायन-मुक्त सामग्री से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा, पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति उनका समर्पण नवोन्मेषी पैकेजिंग समाधानों में स्पष्ट है, जैसे पारिस्थितिक पदचिह्न (इकोलॉजिकल फुटप्रिंट) को कम करने के लिए पाइन नीडल का उपयोग करना। जनवरी 2024 में, हिमालयन हाट ने अमेजन सहेली कार्यक्रम के साथ साझेदारी कर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई। यह सहयोग ई-कॉमर्स की जटिलताओं को दूर करने, दिव्या और उनकी टीम को अपने उत्पादों को वैश्विक ग्राहकों के सामने प्रदर्शित करने में सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। संगठन के जरूरत के अनुरूप समर्थन और मार्गदर्शन के जरिये, उसने अमेजन प्लेटफॉर्म पर अपनी पेशकशों को सहजता से एकीकृत किया, जिससे उनकी दृश्यता और पहुंच बढ़ गई।
हिमालयन हाट की सह-संस्थापक दिव्या चौफिन ने कहा कि अमेजन सहेली कार्यक्रम ने हमारे लिए एक सच्ची सहेली की भूमिका निभाई है। इसने न केवल डिजिटल मार्केटप्लेस पर हमारी यात्रा में व्यावहारिक सहायता प्रदान की है।

### बेटी ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चंदेश्वर नगर में मां का बेटी को मोबाइल पर बात किए जाने को लेकर लगाई गई डांट से नाराज बेटी ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि चंदेश्वर नगर गली नंबर 2 में मां द्वारा 15 वर्षीय अपनी बेटी को मोबाइल पर लगातार बात किए जाने को लेकर लगाई गई डांट के उपरांत बेटी ने अपने कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर पहुंची, पुलिस ने बेटी को पंखे से उतारा और पंचनामा भरकर एम्स में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

# पतंजलि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कार्यशाला**

**8 प्राचीन शिक्षा प्रणाली के साथ आधुनिक और वैज्ञानिक संसाधनों की महती आवश्यकता होगी।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पतंजलि विश्वविद्यालय में मानविकी एवं प्राच्य विद्या संकाय के अन्तर्गत दर्शन एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला हो गई। कार्यशाला को शुभारम्भ करते हुए आचार्य बालकृष्ण, कुलपति पतंजलि विश्वविद्यालय ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय प्राचीनता एवं आधुनिकता को एक साथ लाकर नवीन प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इसके अन्तर्गत न केवल नये अनुसंधान सम्मिलित है बल्कि प्राचीन एवं दुर्लभ ग्रंथों को भी कम्प्यूटर की भाषा में सरल, पाठ्य एवं संकलित किया जा रहा हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
कार्यशाला के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि आने वाले समय में प्राचीन शिक्षा प्रणाली के साथ आधुनिक और वैज्ञानिक संसाधनों की महती आवश्यकता होगी। अष्टाध्यायी जैसी प्राचीन और प्रामाणिक व्याकरण शास्त्र को कम्प्यूटर के माध्यम से कैसे समझा और समझाया जा सकता है, इस विषय में स्वामी जी ने अपना व्यापक दृष्टिकोण रखा।
कार्यशाला का विषय भी यही रहा कि दर्शन और संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों का रख-रखाव एवं संयोजन कम्प्यूटर में कैसे समायोजित किया जा सकता है।
इसके लिए कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय और शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, केरल से आए हुए विद्वानों ने सभी विद्यार्थियों को कम्प्यूटर लैब में इस विषय पर प्रायोगिक जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में स्ट्रक्चर ऑफ लेग्वेंज विषय पर प्रोफेसर शिवानी, मोर्फोलॉजी पर डॉ. स्वाति बासापुर, इनपुट मैथड्स फॉर इंडियन लैंग्वेज सिद्धान्त एवं प्रयोग, टैगिंग-टैक्ट्स विषय पर आचार्य चैतन्य एवं आचार्य नवीन के. कौशिक ने, कोश-प्रैक्टिकल डेटाबेस पर प्रोफेसर शिवजा एवं विदुषी अरुणा ने विस्तृत जानकारी प्रदान की।
कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी आचार्या देवप्रिया ने की। उन्होंने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर भाषा ज्ञान के साथ-साथ मूल ग्रंथों का गहराई से अध्ययन पर बल दिया।

# वाहन चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**पिकअप बरामद**

**8 कोतवाली रानीपुर पुलिस ने आरोपितों के पास से एक महिन्द्रा पिकअप बरामद किया है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली रानीपुर पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक महिन्द्रा पिकअप बरामद किया है।
आशीष ओबराय पुत्र स्व. इन्द्रकुमार निवासी गली नं. 7 सुमन नगर रानीपुर हरिद्वार ने बीते रोज 2 मार्च को घर के बाहर से अज्ञात चोरों के उनकी महिन्द्रा पिकअप संख्या यूके 07 सीए 0967 को चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज करवाया था।आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेग्यूलेटर पुलिस के पास से चैकिंग के दौरान तीन आरोपितों गुरुसेवक उर्फ राजा पुत्र शमशेर निवासी गली नं.5 ग्रीन वैली सुमन नगर रानीपुर हरिद्वार, लक्ष्मण सैनी उर्फ भगवान पुत्र मैनेसर निवासी उपरोक्त मूल ग्राम बलहाघाट थाना बिसपी जिला मधुबनी बिहार व मनोज नेगी पुत्र अर्जुन सिंह नेगी निवासी म.नं. 808 सलेमपुर महदूद थाना रानीपुर हरिद्वार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया। बोलेरो पिकअप वाहन बरामद कर घटना में प्रयुक्त वाहन सुपर कैरी (एल्फा) संख्या यूके 08 सीबी 4657 को भी बरामद किया।

### सात को मुख्य निर्वाचन अधिकारी का जनपद चमोली दौरा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम सात मार्च को जनपद के दौरे पर आ रहे है।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी सात मार्च को प्रातः 11 बजे जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गौचर में जिले के समस्त नोडल अधिकारियों के साथ लोक सभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।
इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी विभिन्न पोलिंग बूथों पर मतदान व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

# संतों के सानिध्य में मनाया गया राधाकृष्ण कृपा धाम आश्रम का वार्षिकोत्सव



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने कहा कि युगों-युगों से वैदिक सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति ने संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन किया है। युवा संत सनातन संस्कृति का स्तंभ है जो इसी श्रृंखला में धर्म के संरक्षण संवर्धन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर राष्ट्र को उन्नति की ओर अग्रसर कर रहे हैं।
भूपतवाला स्थित राधाकृष्ण कृपा धाम आश्रम के द्वितीय वार्षिकोत्सव एवं स्वामी आयुष कृष्ण नयन महाराज के अवतरण दिवस पर आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामी हरीचेतनानंद महाराज ने कहा कि युवा संतों ने भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए दायित्व संभाला है। जिस कारण धर्म के क्षेत्र में देश भर में नई क्रांति का संचार हुआ है। स्वामी आयुष कृष्ण नयन ऊजार्वान संत है। संत समाज उनकी दीघार्यु की कामना करता है। पुरुषार्थ आश्रम के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत, विष्णु महापुराण एवं शिव पुराण कथाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में समाज धर्म के क्षेत्र से जुड़ रहा है। संत समाज के लिए यह गौरव का विषय है। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्वगुरु के रूप में संपूर्ण जगत का मार्गदर्शन करेगा।
कार्यक्रम में पधारे संत महापुरुषों का आभार व्यक्त करते हुए युवा कथावाचक स्वामी आयुष कृष्ण नयन ने कहा कि देश दुनिया में वैदिक सनातन धर्म की ज्वाला को प्रज्वलित करना उनका राष्ट्र धर्म है। इस अवसर पर मंहत पर्वत गिरी, महंत गोपाल मणि, साध्वी विष्णु प्रिया, स्वामी दिव्यांश वेदांती, स्वामी केशवानंद, स्वामी कृष्ण देव, राधेश्याम सैनी, कैलाश अग्रवाल, विरेन्द्र विज्लबाण, रूकम सिंह सजबाण, दीपा गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, दिनेश नौटियाल, गणेश विज्लबाण, खानवानी परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले तलवाड़ी महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग और उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत बुधवार से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वयं के उद्यम को प्रारंभ करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।
कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में मौजूद असीम संभावनाओं का दोहन उद्यमिता एवं कौशल विकास के प्रशिक्षण के अभाव में संभव नहीं है और वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था के एकीकरण के चलते उद्यमिता महत्वपूर्ण पहल है।



ईडीपी नोडल महाविद्यालय डॉ. शंकर राम ने बताया कि इस प्रशिक्षण के प्रतिभागियों की बाजार, स्वरोजगार, प्रतिस्पर्धा, उद्यमिता कौशल की समझ निखारने के साथ ही लाभदायक व्यावहारिक ज्ञान देना प्रमुख लक्ष्य है।
कार्यक्रम में ईडीपी के मीडिया प्रभारी डॉ. ललित जोशी, डॉ. प्रतिभा आर्य, मनोज कुमार, रजनीश कुमार, अनुज कुमार डॉ. पुष्पा रानी, मोहित उप्रेती, डॉ. कुलदीप जोशी, मुख्य प्रशिक्षक राकेश मैठाणी, जयदीप आदि मौजूद थे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से चमकेगी देवभूमि,आएगी आर्थिक समृद्धि

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब देवभूमि चमक उठेगा और उत्तराखंड का हर घर रौशन होगा। इससे लोगों को बिजली कटौती से छुटकारा मिलेगा ही, बिजली का खर्च बचने से आर्थिक समृद्धि भी बढ़ेगी।
योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। खास बात यह है कि योजना पर सरकार सब्सिडी भी दे रही है।



**डाकघर से भी करा सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण-**
भारतीय डाक विभाग एवं नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के समन्वय से संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से प्रदेश का हर घर रौशन होगा। उत्तराखंड डाक विभाग के डाकिया घर-घर जाकर लोगों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए जागरूक कर रहे हैं। योजना के तहत एक से तीन किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाने पर सरकार सब्सिडी प्रदान करेगी। देहरादून क्लॉक टॉवर स्थित डाकघर शाखा के पोस्टमास्टर टिकंबर सिंह गोसाई ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक नजदीकी डाकघर से संपर्क कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए अलग से काउंटर खोले गए हैं। अब तक दो सौ पंजीकरण किया जा चुका है।

**जानें सोलर पैनल की क्षमता, इतनी मिलेगी सब्सिडी-**
एक किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल एक दिन में लगभग 4 से 5.5 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है। मासिक बिजली खपत 150 यूनिट तक के लिए एक-दो किलोवाट का सोलर पैनल लगवाना होगा।
इस पर 30,000 से 60,000 रुपये सब्सिडी मिलेगी। वहीं 150-300 यूनिट के लिए दो-तीन किलोवाट के सोलर पैनल पर 60,000 से 78,000 रुपये तो 300 से अधिक यूनिट के लिए तीन किलोवाट से अधिक सोलर पैनल पर 78,000 रुपये सब्सिडी मिलेगी।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य-**
पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक केंद्रीय योजना है जिसका लक्ष्य भारत में वैसे एक करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है, जो छत पर सौर बिजली इकाई लगाने का विकल्प चुनते हैं। ऐसे परिवारों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी। यह रूफटॉप सोलर स्कीम है। इसके तहत 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी।
इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 फरवरी 2024 को की थी।
**ये उठा सकते हैं योजना का लाभ-** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए। सोलर पैनल लगाने के लिए उपयुक्त छत वाला घर होना चाहिए। परिवार के पास वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए। परिवार ने सोलर पैनलों के लिए किसी अन्य सब्सिडी का लाभ नहीं लिया हो।

# पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपित को पुलिस टीम ने दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने तथा मदद को आए युवकों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
नजूमपुर पनियाला रुड़की निवासी युवक ने बीती 4 मार्च को कुछ लोगों के विरुद्ध नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ करने और इस दौरान मदद के लिए आगे आए युवकों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपित साहिब पुत्र इरशाद निवासी पनियाला रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को पनियाला अंडरपास के पास से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।



